भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 5060**
दिनांक 01.04.2025 को उत्तरार्थ

**'स्वामित्व' योजना के अंतर्गत भू-मानचित्रण**

**†5060. श्री हैबी ईडन:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'स्वामित्व' योजना के अंतर्गत भू-मानचित्रण के लिए केरल राज्य सहित कितने गांवों को शामिल किया गया है;और

(ख) इस योजना के अंतर्गत कितने गांवों का मानचित्रण किया जाना शेष है और उन गांवों में मानचित्रण न होने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्य मंत्री

(प्रो.एस.पी.सिंह बघेल)

(क) स्वामित्व योजना के अंतर्गत**,** भूमि मानचित्रण के लिए **3.45** लाख गांवों को शामिल किया गया है**,** जिनमें केरल राज्य के **1,550** गांव शामिल हैं।

(ख) कुछ राज्यों ने विभिन्न कारणों जैसे पहले से मौजूद डेटा या इसी तरह पहले मौजूद कार्यक्रमों के कारण इस योजना को लागू नहीं किया है। सिक्किम, तेलंगाना और तमिलनाडु ने केवल कुछ गांवों के साथ प्रारम्भिक/ पायलट चरण में भाग लिया, लेकिन पहले से मौजूद रिकॉर्ड के कारण इसे जारी नहीं रखने का विकल्प चुना है । बिहार, पश्चिम बंगाल, मेघालय, नागालैंड और चंडीगढ़ ने अभी तक योजना के कार्यान्वियन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसके अलावा , पश्चिम बंगाल और केरल में आवासीय संपत्तियों के अधिकारों के रिकॉर्ड ग्रामीण भूमि रिकॉर्ड के हिस्से के रूप में पहले से मौजूद हैं। ओडिशा और असम पहले से मौजूद रिकॉर्ड के कारण सीमित संख्या में गांवों में सर्वेक्षण का कार्य कर रहे हैं। झारखंड में यह योजना फिलहाल रोक दी गई है। दिल्ली में, यह योजना 31 गांवों में लागू की गई है, जिसके संपत्ति कार्ड अभी तक तैयार नहीं किए गए हैं।

***